PRESS CLIP

Publication:- Dainik Jagaran

Date: - 16th December 2017

Page No: - 11

Opening Ceremony of 16th The India International Mega Trade Fair (IIMTF) at Science City ground organized by The Bengal Chamber & G S Marketing

जीएसटी के बाद राजस्व में 36,000 करोड़ की कमी : मित्रा

जागरण संवाददाता, कोलकाता : माल और सेवा कर (जीएसटी) लागू होने के प्रथम चार महीनों में प्रस्तावित राजस्व में 36,000 करोड़ रुपये की कमी आई है। यह बातें पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री अमित मित्रा ने शुक्रवार को कही। इस दिन उन्होंने साइंस सिटी ग्राउंड में आयोजित 16वें इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर (आइआइएमटीएफ) का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने यह बातें कही। उन्होंने कहा कि जीएसटी गत 1 जुलाई से शुरू हुई थी। अनुमानित संग्रह 14 प्रतिशत वृद्धि के साथ 1,72,000 करोड़ रुपये था जबकि वास्तविक आंकड़े का आकलन 1,36,000 करोड़ रुपये था। जिसके परिणामस्वरूप जीएसटी लागू होने के पहले चार महीने यानी नवंबर तक 36,000 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। ज्ञात हो कि अमित मित्रा भी जीएसटी परिषद के सदस्य हैं। उनके मुताबिक इस

16वें इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का उद्घाटन करते वित्त मंत्री अमित मित्रा।

घाटे का मुख्य कारण माइक्रो स्मॉल एवं मीडियम इंटरप्राइजेज (एमएसएमई) के एक बड़े वर्ग द्वारा खुद को जीएसटीएन पोर्टल पर पंजीकृत करने में असमर्थ होना है। इस संबंध में मित्रा ने कहा कि उन्होंने मुआवजा राशि बढ़ाने के लिए केंद्र से आग्रह किया था। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के शालीमार वर्कस ने जहाजों के निर्माण के लिए बांग्लादेशी जहाज निर्माण फर्म के साथ स्पेशल पर्पज व्हीकल (एसपीवी) का गठन किया था। केंद्र ने एसपीवी के लिए सभी मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा। साइंस सिटी ग्राउंड में आयोजित यह ट्रेड फेयर का आयोजन द बंगाल चेंबर और जीएस मार्केटिंग द्वारा किया गया है और यह आगामी 25 दिसंबर तक चलेगा। आइआइएमटीएफ 2017 में कुल 16 देशों ने हिस्सा लिया है। जैसे बांग्लादेश, थाईलैंड, पाकिस्तान, टर्की, इजिप्ट, म्यानमार, अफगानिस्तान, भूटान, चीन, ताइवान, दुबई, नीदरलैंड्स, यूएसए, श्रीलंका, नेपाल एवं इंडिया। वहीं भारत से कुल 21 राज्यों ने मेले में हिस्सा लिया है। इस दिन उद्घाटन समारोह में द बंगाल चेंबर के अध्यक्ष सीएस घोष, कोलकाता में बांग्लादेश के डिप्टी हाई कमीश्नर तौफिक हसन, नेपाल के कांसुल जनरल एकनारायण आर्यल, एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ हैंडीक्राफ्ट्स के कार्यकारी निदेशक एवं इंडिया एक्सपो मार्ट लिमिटेड के चेयरमैन राकेश कुमार समेत अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।

106 d, block-f
new alipore
kolkata 700 053
india

W +91 33 2445 2766
info@greymatterpr.com
www.greymatterpr.com